डिग्री पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

फरीदाबाद (ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट के जज अर्जन कुमार सीकरी ने विद्यार्थियों का आह्वान किया है कि वे टॉप करने के बाद भी मेहनत करते रहें, ताकि आगे कभी भी कठिनाई न आए। भविष्य को संवारने के लिए निरंतर मेहनत की जरूरत होती है। वे मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में 789 स्नातक और स्नात्कोत्तर विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की मेरिट लिस्ट में 15वें स्थान तक जगह बनाने वाले 17 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया। डिग्री और मेडल प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी झूम उठे। इस अवसर पर बल्लभगढ़ की एसडीएम डॉ. प्रियंका सोनी, अग्रवाल कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. वासुदेव गुप्ता, महासचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष मेहरचंद मित्तल और दिनेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

फरीदाबाद के अग्रवाल कॉलेज में एक छात्रा को डिग्री प्रदान करते मुख्य अतिथि।